**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**

**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**

**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 44 /05/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2021-23/06-परीक्षा/2018**

लखनऊ : दिनांक : 16 मई, 2023

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2018, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद (संयुक्त संवर्ग) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के अंतर्गत निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद एवं समितियां, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन रिक्त रोड रोलर चालक के 01 पद तथा नक्शानवीस/ मानचित्रक के 15 पद कुल 16 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

सूच्य है कि आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-40/05/विज्ञापन अनु0(11)/2018/04-परीक्षा/2018, दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 के द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को ''आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की श्रेणी'' के आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए दिनांक 22.11.2021 तक अपने आवेदन पत्र को संशोधित करना सुनिश्चित करने हेतु सूचित किया गया था।

अधियाचनकर्ता विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत नक्शानवीस/मानचित्रक के 15 पदों का श्रेणीवार (ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी सहित) विवरण निम्नवत है:-

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पदनाम | पदों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | ई0 डब्ल्यू0 एस0 | कुल पद |
| 1 | निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद एवं समितियां, उत्तर प्रदेश। | नक्शानवीस/ मानचित्रक | 07 | 03 | 00 | 04 | 01 | 15 |

सूच्य है कि मूल अधियाचन में दिये गये क्षैतिज आरक्षणवार पदों की संख्या में किसी परिवर्तन की सूचना विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी है। अतः क्षैतिज आरक्षणवार आरक्षित पदों की संख्या विज्ञापन के अनुसार यथावत है।

आयोग के विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2018, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद (संयुक्त संवर्ग) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के अंतर्गत रोड रोलर चालक के 01 पद तथा नक्शानवीस/ मानचित्रक के 15 पद के सापेक्ष लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर श्रेणीवार 02 गुना (समान कटआऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार क्रमशः 02 तथा 288 अभ्यर्थियों (कुल यूनिक अभ्यर्थी-289) का अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु परिणाम एवं कटऑफ अंक मा0 आयोग के निर्णय दिनांक 16.05.2023 द्वारा अनुमोदित किया गया है।

अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम अन्तिम चयन परिणाम नहीं है। अतएव अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अन्तिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयन सम्बन्धी अन्तिम परिणाम अर्हता/अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत लिखित परीक्षा के आधार पर उपरोक्तानुसार अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों का ऑनलाइन परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-988/गोपन/01/6/2022/2023, दिनांक 16-05-2023 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक (02 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर अपलोड कर दी गयी है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के **Home Page** पर उपलब्ध **Results Segments** पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

16/05/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।**
संख्याः– 988/गोपन/01/6/2022/2023
लखनऊः दिनांक 16 मई, 2023

आयोग के विज्ञापन संख्या–06–परीक्षा/2018, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद (संयुक्त संवर्ग) प्रतियोगितात्मक परीक्षा–2018 के अन्तर्गत विज्ञापित विभिन्न पदों हेतु लिखित परीक्षा के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अभ्यर्थियों का पदवार कट–आफ अंक–

**पदनाम–रोड रोलर चालक**

**लंबवत आरक्षण**

| क्रम सं० | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 67.50 |
| 2 | अनुसूचित जाति | पद विज्ञापित नहीं है। |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | पद विज्ञापित नहीं है। |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | पद विज्ञापित नहीं है। |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS) | पद विज्ञापित नहीं है। |

**क्षैतिज आरक्षण**

| क्रम सं० | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | पद विज्ञापित नहीं है। |
| 2 | विकलांगजन | पद विज्ञापित नहीं है। |
| 3 | महिला | पद विज्ञापित नहीं है। |
| 4 | सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | पद विज्ञापित नहीं है। |

**पदनाम–नक्शानवीस/मानचित्रक**

**लंबवत आरक्षण**

| क्रम सं० | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 62.50 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 62.50 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | पद विज्ञापित नहीं है। |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 62.50 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (EWS) | 62.50 |

**क्षैतिज आरक्षण**

| क्रम सं० | श्रेणी | कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | पद विज्ञापित नहीं है। |
| 2 | विकलांगजन | पद विज्ञापित नहीं है। |
| 3 | महिला | 62.00 |
| 4 | सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | पद विज्ञापित नहीं है। |

16/05/2025

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।